### निगम की मिलीभगत से नियम कागजों तक सीमित, कंपाउंडिंग फीस के नाम पर अवैध निर्माण को खुली छूट

# पार्किंग निगल रहीं कमर्शियल इमारतें, ढीली टाउन प्लानिंग ने बढ़ाई मुश्किलें

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर में तेजी से खड़ी हो रही ऊंची-ऊंची कमर्शियल इमारतें भले ही विकास का प्रतीक लगती हों, लेकिन इनके पीछे छिपी हकीकत शहर की बिगड़ती प्लानिंग और बढ़ती ट्रैफिक समस्या को उजागर कर रही है। बिल्डिंग बायलॉज के तहत हर कमर्शियल प्रोजेक्ट में पर्याप्त पार्किंग अनिवार्य है, लेकिन जमीनी स्तर पर ये नियम सिर्फ कागजों तक ही सीमित नजर आते हैं। निर्माण के दौरान नगर निगम के कुछ कर्मचारी ही बिल्डरों के सलाहकार बन जाते हैं। राजनीतिक संरक्षण और आपसी मिलीभगत के चलते अवैध निर्माण खुलेआम हो रहा है।

पार्किंग के लिए निर्धारित जगहों

सराभा नगर मल्हार रोड।

घूमार मंडी।

को दुकानों में बदला जा रहा है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था पर सीधा असर पड़ रहा है। शहर के प्रमुख बाजार माल रोड, दंडी स्वामी, घुमार मंडी, सराभा नगर और समराला चौक में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को पार्किंग की भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। मजबूरी में लोग सड़क किनारे वाहन खड़े करते हैं, जिससे जाम की स्थिति आम हो गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निगम अधिकारी नियमों के नाम पर नोटिस जारी करते हैं और फिर 'चालान व कंपाउंडिंग फीस' के जरिए अवैध निर्माण को वैधता दे दी जाती है। इस प्रक्रिया में सेटिंग का खेल चलता है और पार्किंग स्थल दुकानों में बदल दिए जाते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि पुरानी गलतियों को सुधारने के बजाय उन्हें बढ़ावा दिया जा रहा है। टाउन प्लानिंग में लापरवाही और गलत नीतियों के कारण शहर की संरचना चरमरा गई है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

ट्रैफिक पुलिस भी हालात से परेशान है। गलत पार्किंग और बढ़ते जाम के कारण रोजाना भारी मशक्कत करनी पड़ती है। उनका कहना है कि जब तक पार्किंग की मूल समस्या का समाधान नहीं होगा, ट्रैफिक व्यवस्था सुधरना मुश्किल है। व्यापारियों का कहना है कि भ्रष्टाचार के चलते ईमानदार लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। नियमों का पालन करने वालों को सीमित सुविधा मिलती है, जबकि नियम तोड़ने वाले पैसे देकर छूट हासिल कर लेते हैं।

## रिहायशी से कमर्शियल बदलाव बना ट्रैफिक संकट की जड़

*ट्रैफिक एक्सपर्ट राहुल वर्मा के अनुसार, शहर में ट्रैफिक अव्यवस्था की सबसे बड़ी वजह रिहायशी इलाकों का तेजी से कमर्शियल में बदलना है। उन्होंने कहा कि बिना उचित*

*प्लानिंग के दुकानों और कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें पार्किंग की व्यवस्था न के बराबर है।*

*उन्होंने यह भी बताया कि ग्लाडा और इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के पास कमर्शियल उपयोग के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है, लेकिन नगर निगम की गलत नीतियों के कारण यह जमीन बिक नहीं पा रही। अगर इन जमीनों का सही उपयोग किया जाए तो शहर में अवैध कमर्शियल निर्माण पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है।*

*उनका कहना है कि अवैध निर्माण, सड़कों पर अनियोजित पार्किंग और नई इमारतों में पार्किंग स्पेस की कमी ये सभी ट्रैफिक बढ़ने के मुख्य कारण हैं। जब लोग अपनी गाड़ियां सड़कों पर खड़ी करने को मजबूर होते हैं, तो जाम लगना स्वाभाविक हो जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इसी तरह अव्यवस्था जारी रही तो आने वाले समय में हालात और गंभीर हो सकते हैं। प्रशासन को चाहिए कि अवैध निर्माण पर सख्ती से रोक लगाए और हर कमर्शियल प्रोजेक्ट में पार्किंग नियमों का पालन सुनिश्चित करे। अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। अगर ऐसे ही अव्यस्था जारी रहेगी तो इनको टाउन प्लानर दफ्तर बंद कर देने चाहिए। जरूरत है कि नगर निगम और टाउन प्लानिंग विभाग पारदर्शिता के साथ काम करें और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें, ताकि शहर का नक्शा और ट्रैफिक व्यवस्था दोनों सुधर सकें।*

## 1 महीने में पूरा किया 18 करोड़ का घाटा

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम लुधियाना की बिल्डिंग ब्रांच ने सख्त कदमों और लगातार मॉनिटरिंग के चलते बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। महज

एक महीने में 18 करोड़ की रिकवरी का घाटा पूरा कर सालाना लक्ष्य हासिल कर लिया गया। 1 मार्च 2026 तक विभाग 75 करोड़ के लक्ष्य से 18 करोड़ पीछे था, जिसके बाद कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने सख्ती बरतते हुए काम में तेजी लाई। जॉइंट कमिश्नर दीपजोत कौर और एमटीपी विजय कुमार की निगरानी में नियमित समीक्षा बैठकों के जरिए रिकवरी प्रक्रिया तेज की गई। जोन स्तर पर एटीपी की नियुक्ति, बिल्डिंग प्लान मंजूरी में तेजी और अवैध निर्माणों पर कार्रवाई से परिणाम मिले। 31 मार्च तक पूरा घाटा कवर कर लक्ष्य हासिल कर लिया गया।

## पंजाबी साहित्य अकादमी की पहली बैठक , तीन नई नियुक्तियां

कुलदीप काला | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाबी साहित्य अकादमी, लुधियाना के नव-निर्वाचित प्रबंधकीय बोर्ड की पहली बैठक 5 अप्रैल 2026 को पंजाबी भवन में अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सरबजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पंजाबी भाषा, साहित्य और संस्कृति से जुड़ी तीन प्रमुख हस्तियों डॉ. वरियाम सिंह संधू, डॉ. गुरइकबाल सिंह और डॉ. सरबजीत कौर सोहल को प्रबंधकीय बोर्ड में शामिल किया गया। अकादमी के महासचिव डॉ. गुलजार सिंह पंधेर ने बताया कि डॉ. हरी सिंह जाचक को सचिव, प्रभजोत सिंह सोही को सचिव और के. साधू सिंह को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में डॉ. एस. एस. जौहल, प्रो. गुरभजन सिंह गिल, डॉ. लखविंदर सिंह जौहल, जसपाल मानखेड़ा, सहिजप्रीत सिंह मांगट समेत अन्य गणमान्य शामिल रहे।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा फैसला: अजिंदर कौर

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

आम आदमी पार्टी महिला विंग मालवा जोन इंचार्ज तथा पंजाब राज्य महिला आयोग की सदस्य अजिंदर कौर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पंजाब सरकार ने महिला सम्मान योजना की नोटिफिकेशन जारी कर अपना चुनावी वादा पूरा किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान और पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि यह योजना राज्य की माताओं, बहनों और बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी। अजिंदर कौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा आम जनता की भलाई को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब मामलों के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने आम लोगों की आवाज को मजबूत करने के उद्देश्य से पार्टी की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने पिछले चार वर्षों में हर वर्ग—किसान, व्यापारी, युवा, महिलाएं और विद्यार्थियों—के लिए कई जनहितैषी योजनाएं लागू की हैं। ग्रामीण क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ने, बिजली आपूर्ति सुधारने और शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को बिना सिफारिश और रिश्वत के सरकारी नौकरियां देकर सरकार ने पारदर्शिता और भरोसा कायम किया है।

## शहर की सुरक्षा को लेकर डॉ. वैभव शर्मा की एसएसपी जालंधर से मुलाकात

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज़

शहर की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर डॉ. वैभव शर्मा, पार्षद वार्ड नंबर 9 एवं यूथ हल्का कोऑर्डिनेटर, आम आदमी पार्टी, फिल्लौर ने एसएसपी जालंधर हरविंदर सिंह विर्क से विशेष मुलाकात की। इस दौरान डॉ. वैभव शर्मा ने शहर की सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने पुलिस द्वारा नशा तस्करों और देश विरोधी तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस की यह मुहिम सराहनीय है और इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। डॉ. शर्मा ने विश्वास जताया कि यदि इसी तरह सख्ती और प्रतिबद्धता के साथ कार्य जारी रहा, तो पंजाब एक बार फिर "सोने की चिड़िया" बन सकता है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार पुलिस प्रशासन को पूरा समर्थन दे रही है, ताकि राज्य में कानून-व्यवस्था मजबूत हो और पंजाब को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में पुलिस की बढ़ती मौजूदगी से आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है और पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ता है।

इससे पुलिस और जनता के बीच सहयोग भी और सुदृढ़ होगा, जिससे कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। जालंधर ग्रामीण पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि 112 सेवा पर प्राप्त प्रत्येक कॉल का त्वरित एवं संवेदनशील तरीके से जवाब दिया जाए, ताकि लोगों को समय पर सहायता मिल सके। इस मौके पर एसएसपी हरविंदर सिंह विर्क ने फिल्लौर के लिए नई 112 गाड़ी देने का आश्वासन दिया, जो विशेष रूप से शहर में तैनात रहेगी, जिससे अपराध पर जल्दी काबू पाया जा सकेगा। इस मुलाकात को शहर की सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

डॉ. वैभव शर्मा ने डीजीपी पंजाब गौरव यादव और एसएसपी हरविंदर सिंह विर्क का धन्यवाद किया और कहा कि उन्हें जल्द ही फिल्लौर बुलाकर सम्मानित किया जाएगा।

## वरुण जैन बने आम आदमी पार्टी हल्का साहनेवाल लीगल विंग के प्रधान

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

आम आदमी पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए एडवोकेट वरुण जैन को हल्का साहनेवाल के लीगल विंग का प्रधान नियुक्त किया है। इस मौके पर एडवोकेट वरुण जैन ने पार्टी हाई कमांड का दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आम लोगों की आवाज है और वह लीगल विंग के माध्यम से लोगों को न्याय दिलाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। वरुण जैन ने अपने बयान में कैबिनेट मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडिया का विशेष आभार जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और विश्वास के कारण ही उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि हल्का साहनेवाल में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना और लोगों के अधिकारों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता होगी।

## बीआरएस नगर में नहर किनारे कार पलटी

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़





बीआरएस नगर इलाके में नहर के पास शनिवार देर रात एक कार पलटने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना रात करीब 10 से 11 बजे के बीच की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, संकरी सड़क से गुजरते समय कार चालक ने सामने आ रहे वाहन से बचने के प्रयास में अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह नहर किनारे बनी पुलिया से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और उन्हें निजी वाहनों के जरिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 2-3 लोगों को हल्की से मध्यम चोटें आई हैं, जबकि अन्य सवारियां सुरक्षित बच गईं। घटना की सूचना मिलते ही लुधियाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने मौके पर यातायात को नियंत्रित किया और जांच शुरू कर दी है। साथ ही नहर किनारे सुरक्षा व्यवस्था और रोशनी सुधारने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## योग और ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं: शून्य प्रभु

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज़

सतलुज किनारे स्थित शनिगांव में साप्ताहिक हवन व प्रार्थना सभा का आयोजन शून्य प्रभु की अध्यक्षता में किया गया। सभा में शून्य प्रभु ने योग और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग और ध्यान हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं, जो शारीरिक, मानसिक व आत्मिक विकास के लिए अत्यंत प्रभावी हैं। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और रक्त संचार बेहतर होता है। इसके अलावा योग तनाव को कम करने और मानसिक शांति प्राप्त करने में भी सहायक है। उन्होंने आगे कहा कि ध्यान हमारे मन को शांत और स्थिर करने का अभ्यास है। ध्यान के माध्यम से हम अपने विचारों को नियंत्रित कर सकते हैं। यह मानसिक तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है, जिससे मन को शांति और खुशी मिलती है। योग और ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर हम एक स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल जीवन जी सकते हैं। सभा के समापन पर भगवान शनिदेव जी की आरती की गई।

## 3 साल में नहीं बन पाया वॉलीबॉल कोर्ट, अब बना कूड़ाघर और कब्जों का अड्डा

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

पक्खोवाल रोड स्थित सिधवां नहर फ्लाईओवर के पास नगर निगम द्वारा बनाया गया वॉलीबॉल कोर्ट तीन साल बाद भी अधूरा पड़ा है। बच्चों और युवाओं के खेल के लिए शुरू किया गया यह प्रोजेक्ट अब बदहाली का शिकार हो चुका है। कोर्ट के आसपास गंदगी, कूड़े के ढेर और बदबू का माहौल है, जबकि कई जगहों पर नाजायज कब्जे भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ की गई थी, लेकिन समय के साथ इसे अधूरा छोड़ दिया गया। कोर्ट के सामने नगर सुधार ट्रस्ट की खाली जमीन अब कूड़ाघर बनती जा रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इलाके के लोगों में नगर निगम के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि एक ओर निगम फंड की कमी का हवाला देता है, वहीं दूसरी ओर जनता के पैसे को ऐसे अधूरे प्रोजेक्टों में बर्बाद किया जा रहा है। समाजसेवी अरविंद शर्मा ने नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना सही योजना के बनाया गया यह वॉलीबॉल कोर्ट आम लोगों के किसी काम नहीं आ रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम की लापरवाही, अनदेखी और ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण यह प्रोजेक्ट अधूरा पड़ा है। स्थानीय निवासियों और अरविंद शर्मा ने नगर निगम कमिश्नर से मांग की है कि इस मामले की जांच करवाई जाए और जल्द से जल्द प्रोजेक्ट को पूरा किया जाए। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि बच्चों और युवाओं को खेलने की सुविधा मिल सके।

## बाबा हाथी राम दरबार के लिए 30 लाख का बजट पेश

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज़

गांव गुनाचौर में बाबा हाथी राम जी दरबार की प्रबंधक कमेटी ने 2025-26 के लिए 30,06,970 रुपये का बजट पेश किया। यह बजट अध्यक्ष डॉ. कुलवंत रामा के नेतृत्व में संगत की मौजूदगी में पेश किया गया। इस अवसर पर अकाउंटेंट मुकेश गुलाटी और मुख्य सेवादार बाबा सुरिंदर सिंह भी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार, बजट में से 27,54,963 रुपये दरबार के प्रबंध और निर्माण कार्यों पर खर्च किए गए। डॉ. रामा ने संगत का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है और कमेटी पूरी पारदर्शिता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कोई भी सदस्य कभी भी हिसाब देख सकता है।

## महावीर जयंती पर 'प्रभु महावीर भक्ति उत्सव' का आयोजन, शांति और अहिंसा का संदेश

कुलदीप काला | लुधियाना
समर न्यूज़

महावीर जयंती के पावन अवसर पर शहर के गुरु नानक देव भवन में 'प्रभु महावीर भक्ति उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री संजीव अरोड़ा ने भगवान महावीर के उपदेशों की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि अहिंसा, करुणा, भाईचारा और सद्भाव के उनके संदेश आज के संघर्ष और हिंसा से भरे दौर में मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में बढ़ते युद्ध, आतंकवाद, सांप्रदायिक तनाव और वैचारिक टकराव के बीच "जियो और जीने दो" का सिद्धांत शांति स्थापित करने का सबसे प्रभावी मार्ग है। उन्होंने आगे कहा कि इन मूल्यों को अपनाकर भौतिकवाद और लालच से उत्पन्न संघर्षों को कम किया जा सकता है और समाज में समानता व करुणा को बढ़ावा दिया जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस द्वारा किया गया, जिसके लिए मंत्री ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक और धार्मिक योगदान की सराहना की। मंत्री अरोड़ा ने जैन समाज की राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और परोपकार के क्षेत्र में अहम भूमिका की भी प्रशंसा की। इस मौके पर लुधियाना की मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर सहित दीपांशु जैन, राजीव जैन, विनय जैन, गौरव जैन, जिनेश जैन, कुणाल जैन और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला, जहां उपस्थित लोगों ने भगवान महावीर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

**श्रद्धा** जागरण में गायक बंटी लाड़ला के भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु

# संकटमोचन बाला जी दरबार में भव्य जागरण

बाल जी के जागरण हाजरी लगाने पहुंचे यूथ अकाली नेता सिमरनजीत सिंह ढिल्लों व बाला जी की मनमोहक झांकियां, उपस्थित जनसमूह व अन्य।

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

मुंडियां कलां में बड़ी श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान बाला जी के मुख्य पंडित सुशील कुमार ने सर्वप्रथम मंत्रोच्चारण कर गणेश पूजन तथा उसके बाद नवग्रह पूजन करवाया। इस मौके पर यजमान के रूप में नीरज मेहंदीरत्ता व विजय कुमार ने विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। शनिवार को आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाला जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नीरज मेहंदीरत्ता व धीरज कुमार पोपली ने बताया कि जागरण में मुख्य अतिथि के तौर पर यूथ अकाली दल (बादल) के नेता सिमरनजीत सिंह ढिल्लों, उद्योगपति अश्वनी छाबड़ा, पार्षद गुरमीत सिंह मुंडिया और भाजपा नेता जतिंदर गोरयन पहुंचे। सभी अतिथियों को आयोजकों द्वारा सिरोपा पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे विधिवत हवन-पूजन के साथ हुई। इसके उपरांत सुबह 7 बजे से भजन-कीर्तन का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। रात 8 बजे से आरंभ हुए विशाल जागरण में बंटी लाडला परिवार पार्टी के भजन गायक बंटी लाडला ने बाला जी के सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और भावविभोर होकर झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं जागरण मंडली द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। "जय श्री राम" और "जय बाला जी" के जयकारों से पूरा दरबार गूंज उठा और माहौल पूरी तरह भक्तिमय बन गया। आज हुए इस कार्यक्रम में बलजीत सिंह, नवदीप सिंह सैनी, तुषार मेहंदीरत्ता, जिया मेहंदीरत्ता, ईशान मेहंदीरत्ता, श्याम चौधरी, विवेक अग्रवाल विक्की, राजा गुरदीप सिंह, मनविंदर छाबड़ा सहित हजारों श्रद्धालुओं ने जागरण में नतमस्तक होकर हाजिरी लगाई। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर व अन्य व्यवस्थाओं का भी विशेष प्रबंध किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 210